राजस्थान सरकार
परिवहन विभाग

एफ 16(16)(1)/परि/लेखा/राजस्व लक्ष्य/2014–15 / 48644 जयपुर, दिनांक 20/5/14

संशोधित कार्यालय आदेश क्रमांक 15/2014

विषयः–वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए 3185.85 करोड़ रूपये के निर्धारित लक्ष्यों का जिलेवार संशोधित वितरण।

राज्य सरकार द्वारा परिवहन विभाग के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए 3220 करोड़ रूपये के लक्ष्य निर्धारण कर कार्यालय आदेश क्रमांक 11/2014 दिनांक 23.04.2014 द्वारा जारी किया गया था। नवसृजित जिला परिवहन कार्यालय माह अगस्त/सितम्बर 2013 से क्रियाशील होने के कारण संबंधित जिलों के लक्ष्यों में कुछ विसंगति पाई गई है जिसके निवारण हेतु पुनःनिर्धारण संलग्न परिशिष्ट–1 के अनुसार किया जा रहा है। राजस्व लक्ष्यों की नियमित उपलब्धि के लिए सभी प्रादेशिक/जिला परिवहन अधिकारियों द्वारा समयबद्ध कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। राज्य सरकार द्वारा राजस्व अर्जन की नियमित मासिक समीक्षा की जाती है। अतः सभी प्रादेशिक/जिला परिवहन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति निश्चित रूप से की जावे।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

Sd/- 20/5/14

(सुरेश सिंघल)
वित्तीय सलाहकार

48645 to 49
20/5/14

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, परिवहन आयुक्त एवं प्रमुख शासन सचिव
2. मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण.................।
3. समस्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी।
4. समस्त जिला परिवहन अधिकारी।

Sd/- 20/5/14

वित्तीय सलाहकार

E:\v.k latter.doc